# टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड

(अनुसूची– 'क' मिनी रत्न पीएसयू)

भागीरथी भवन, प्रगतिपुरम, बाईपास रोड,. ऋषिकेश– 249201

विज्ञापन सं.– इंजीनियरिंग (ग्रेजुएट/डिप्लोमा) अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग 01/2024

## इंजीनियरिंग ग्रेजुएट एवं टेक्नीशियन (डिप्लोमा इंजीनियरिंग) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए अधिसूचना

टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में निम्नलिखित संकाय (Branches) में ग्रेजुएट (B.Tech./B.E.) एवं डिप्लोमा (Diploma in Engineering) अभ्यर्थियों से ग्रेजुएट तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। केवल वे अभ्यर्थी ही इस अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के पात्र होंगे, जिन्होंने ग्रेजुएशन या डिप्लोमा उत्तीर्ण करने के पश्चात एक वर्ष या इससे अधिक नौकरी नहीं किया है तथा न ही अप्रेंटिसशिप अधिनियम 1961 व उसमें समय–समय पर संशोधन के तहत कहीं से अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण प्राप्त किया है। साथ ही अभ्यर्थी किसी पाठ्यक्रम हेतु कोई नियमित कोर्स न कर रहा हो।

| क.सं. | संकाय (Branch) | रिक्तियों की संख्या | | न्यूनतम योग्यता |
|---|---|---|---|---|
| | | ग्रेजुएट अप्रेंटिस | टेक्नीशियन अप्रेंटिस | |
| 1. | सिविल इंजीनियरिंग | 15 | 11 | • **ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप हेतु** : मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में **मई 2021 या इसके बाद सामान्य/ ईडब्ल्यूएस /अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 65% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.)** उत्तीर्ण।<br><br>• **टेक्नीशियन अप्रेंटिसशिप हेतु** : मान्यता प्राप्त संस्थान से संबंधित ब्रांच में नियमित अभ्यर्थी के रूप में **मई 2021 या इसके बाद सामान्य/ ईडब्ल्यूएस /अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 65% अंकों के साथ तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थी न्यूनतम 60% अंकों के साथ डिप्लोमा (Diploma)** उत्तीर्ण। |
| 2. | मैकेनिकल इंजीनियरिंग | 12 | 16 | |
| 3. | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 13 | 11 | |
| 4. | कम्प्यूटर विज्ञान और सूचना प्रौद्योगिकी इंजीनियरिंग | 04 | 05 | |
| 5. | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग /इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग | 06 (3 + 3) | 07 (3 + 4) | |
| कुल सीट | | 50 | 50 | |

**नोटः** उपर्युक्त रिक्तियों की संख्या प्रबंधन के निर्णय के अनुसार बदल सकती है।

**आयु सीमा (15.03.2024 के अनुसार)** : सभी वर्गों के लिए न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष है। सामान्य/ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए अधिकतम आयु 27 वर्ष, अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के लिए 30 वर्ष तथा अनु. जाति/अनु. जनजाति के लिए 32 वर्ष है। दिव्यांग अभ्यर्थियों (न्यूनतम 40% शारीरिक अक्षमता के साथ) को उनके संबंधित वर्ग में 10 वर्षों की अतिरिक्त छूट का प्रावधान है।

**वृत्तिका** : ग्रेजुएट अप्रेंटिस को एक वर्ष के लिए सामेकित वृतिका (**Stipend**) रू. 9000/– प्रति माह तथा टेक्नीशियन अप्रेंटिस को रू. 8000/– प्रति माह देय होगा।

**स्वास्थ्य** : आवेदक का स्वास्थ्य अच्छा होना चाहिए। चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण से पूर्व दिए गए प्रारूप पर सक्षम चिकित्साधिकारी द्वारा प्रमाणित चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। अभ्यर्थियों की प्रशिक्षण हेतु नियुक्ति अप्रेंटिस एक्ट 1961 व समय–समय पर हुए संशोधन द्वारा निर्धारित स्वास्थ्य मानकों पर खरा उतरने पर निर्भर करती है।

**आरक्षण:**

1. अनु. जाति/जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों का चयन अप्रेंटिस एक्ट के अनुसार उत्तराखण्ड राज्य के लिए निर्धारित प्रतिशत के अनुसार होगा। अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर), ईडब्ल्यूएस एवं दिव्यांग अभ्यर्थियों के लिए आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा।

2. अन्य पिछड़ा वर्ग (नॉन क्रीमी लेयर) के अभ्यर्थियों का दिनांक 01.04.2023 से पुराना जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) या जिस जाति प्रमाण पत्र की वैधता समाप्त हो चुकी है, मान्य नहीं होगा। जाति प्रमाण पत्र (OBC Certificate) भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रारूप में ही होना अनिवार्य है (जिसका प्रारूप हमारे वेबसाइट पर उपलब्ध है) अन्यथा यह स्वीकार्य नहीं होगा। जाति प्रमाण पत्र मान्य नहीं होने की दशा में या निर्धारित प्रारूप में नहीं होने की दशा में अभ्यर्थियों को सामान्य श्रेणी में माना जाएगा बशर्ते वे सामान्य श्रेणी के लिए निर्धारित पात्रता मानदण्डों को पूर्ण करते हों।

3. ईडब्ल्यूएस (EWS) वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए वित्तीय वर्ष 2023–24 के लिए जारी ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र ही मान्य होगा।

4. चयन प्रक्रिया में उत्तराखण्ड राज्य के अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दिया जाएगा जिसके लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate) होना अनिवार्य है।

**चयन मानदंड** :

कोई साक्षात्कार नहीं होगा, पात्र अभ्यर्थियों को संबंधित ब्रांच (B.Tech./B.E) / (Diploma) में प्राप्त अंकों के प्रतिशत के आधार पर निकाली गई योग्यता (Merit) के आधार पर Shortlisted किया जायेगा।

नोट : 1. यदि किसी अभ्यर्थी के ग्रेजुएशन (B.Tech./B.E.)/डिप्लोमा अंकपत्र में अंकों के बजाय ग्रेड/सीजीपीए दिया गया हो तो उसे प्रतिशत में परिवर्तित, संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाई गई पद्धति/फॉर्मूला के अनुसार किया जाएगा।

2. यदि अभ्यर्थियों द्वारा प्राप्त अंकों का प्रतिशत समान हैं, तो उम्र में वरिष्ठ अभ्यर्थी को पहले प्राथमिकता दी जाएगी।

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

- ❖ प्रशिक्षण अवधि बोर्ड ऑफ अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग (BOAT) कानपुर द्वारा दिये गये निर्देशानुसार एक वर्ष की होगी।
- ❖ सभी अभ्यर्थियों का NATS पोर्टल (https://nats.education.gov.in) पर पंजीकरण होना अनिवार्य है।
- ❖ वे अभ्यर्थी जिन्होंने ग्रेजुएशन (B.Tech/B.E) या डिप्लोमा (Diploma) व्यक्तिगत अभ्यर्थी (as a private candidate) के रूप में किया है, वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु आवेदन करने के पात्र नहीं हैं।
- ❖ वे अभ्यर्थी जिन्हें ग्रेजुएशन (B.Tech/B.E) या डिप्लोमा (Diploma) का परीक्षाफल/अंकपत्र बोर्ड द्वारा प्राप्त नहीं हुआ है, आवेदन करने के पात्र नहीं है।
- ❖ वे अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र नहीं है जो वर्तमान में किसी संगठन से अप्रेंटिस एक्ट के तहत प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

**आवेदन करने की प्रक्रिया :**

**चरण – 1:** अभ्यर्थियों को NATS पोर्टल (https://nats.education.gov.in) पर पंजीकरण करना तथा अपनी प्रोफाइल पूर्ण करना अनिवार्य है। पंजीकरण के पश्चात उक्त पोर्टल द्वारा प्राप्त पंजीकरण संख्या/Enrolment No., टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड, ऋषिकेश के लिए आवेदन करते समय अनिवार्य रूप से अंकित करना होगा।

**चरण – 2:** NATS पोर्टल (https://nats.education.gov.in) में पंजीकृत अभ्यर्थी उपर्युक्त प्रशिक्षण के लिये टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.thdc.co.in> Career > New Opening सेक्शन पर उपलब्ध **Application Form** को भरना होगा। आवेदन पत्र भरने, जमा करने तथा चयन से संबंधित सभी जानकारी के लिए कृपया दिये गये दिशा निर्देशों का अनुपालन करें।

- ❖ टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की वेबसाईट www.thdc.co.in> Career > New Opening सेक्शन पर उपलब्ध **Application Form** को डाउनलोड करें और मांगी गयी जानकारी के अनुसार भरें। आवेदन पत्र एवं वांछित दस्तावेजों को लिफाफे में डाल कर एवं उसके उपर ग्रेजुएट अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण 2024 /टेक्नीशियन (डिप्लोमा) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण 2024 **(जो संबंधित हो)** लिख कर साधारण डाक या स्पीड पोस्ट के माध्यम से निम्नलिखित पते पर दिनांक **15.03.2024** तक जमा करना होगा। **अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्र अस्वीकार्य होंगे।**

  वरिष्ठ प्रबन्धक (मानव संसाधन–स्थापना)<br>
  टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड,<br>
  भागीरथी भवन, प्रगतिपुरम<br>
  बाई पास रोड़ ऋषिकेश – 249201

- ❖ आवेदन पत्र को पूर्णतया भरे बिना, फोटो या वांछित दस्तावेजों के साथ नहीं जमा करने पर आवेदन अस्वीकार्य होंगे। इस संबंध में बिना भरे अथवा अधूरे आवेदन पत्र मान्य नहीं होंगे।
- ❖ आवेदन से संबंधित किसी भी पूछताछ के लिये कार्य दिवस तथा कार्यावधि के दौरान दूरभाष संख्या **0135–2473787** पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## सामान्य निर्देश

1. अभ्यर्थी सुनिश्चित कर लें कि वे उपरोक्त प्रशिक्षण हेतु निर्धारित अनिवार्य अर्हता पूर्ण करते हैं तथा उनके द्वारा आवेदन में दी गई सभी जानकारी पूर्ण रूप से सत्य है। यदि चयन के किसी भी चरण में या चयन के उपरांत यह पाया जाता है कि अभ्यर्थी अर्हताओं को पूर्ण नहीं करता है एवं आवेदक द्वारा प्रस्तुत किए गए तथ्य एवं संलग्न दस्तावेज सत्य एवं सही नहीं है, तो इसके लिए आवेदक स्वंय जिम्मेदार होंगे तथा आवेदक की उम्मीदवारी/प्रशिक्षण किसी भी समय, बिना किसी कारण बताए, निरस्त की जा सकती है।
2. अभ्यर्थियों को अपने निम्न दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छाया प्रति (self- attested) आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य है।
   - **(क)** NATS पोर्टल (https://nats.education.gov.in) पर पंजीकरण के उपरांत प्राप्त पंजीकरण संख्या/ENROLMENT NO. संबंधी साक्ष्य (प्रोफाइल की प्रति) ।
   - **(ख)** हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट अंक पत्र/प्रमाण पत्र।
   - **(ग)** अंतिम रूप से प्राप्त ग्रेजुएशन (B. Tech./B.E.) /डिप्लोमा अंकपत्र या सभी सेमेस्टर की अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र **(यदि किसी आवेदक के ग्रेजुएशन (B. Tech./B.E.)/डिप्लोमा अंकपत्र में अंकों के बजाय ग्रेड/सीजीपीए दिया गया हो तो उसे प्रतिशत में परिवर्तित करने की पद्धति/फॉर्मुला जो संबंधित विश्वविद्यालय/संस्थान द्वारा अपनाई गई हो, संबंधी साक्ष्य प्रति लगाना अनिवार्य है)** ।
   - **(घ)** उत्तराखण्ड के निवासियों के लिए उत्तराखण्ड का मूल निवास प्रमाण पत्र (Domicile Certificate)।
   - **(ड.)** जाति प्रमाण पत्र/ ईडब्ल्यूएस (EWS) प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
   - **(च)** दिव्यांगता प्रमाण पत्र (यदि लागू हो तो)
   - **(छ)** आधार कार्ड।
3. प्रबन्धन के पास बिना कोई कारण दिए चयन प्रकिया के संशोधन/पुनर्निर्धारण/निरस्त/निलंबन करने का अधिकार है। प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा।
4. इस अधिसूचना के फलस्वरूप अथवा अधिूसचना के संदर्भ में आवेदन के फलस्वरूप उत्पन्न किसी दावे या विवाद के लिए प्रार्थना पत्र देने की प्रकिया केवल देहरादून (उत्तराखण्ड) में शुरू की जा सकती है तथा न्यायालय/ट्रिब्युनल/फोरम देहरादून के पास इस संबंध में कारण/विवाद की जॉच करने का एकल तथा विशेष न्यायाधिकार होगा।
5. चयनित नहीं होने वाले अभ्यर्थियों से किसी भी प्रकार का पत्राचार नहीं किया जायेगा।
6. चयनित अभ्यर्थियों को प्रशिक्षण अवधि में अपने रहने व खाने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
7. दस्तावेजों के सत्यापन/ज्वाइनिंग के लिए बुलाए गए अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता/महंगाई भत्ता देय नहीं होगा। प्रशिक्षण के दौरान हमारी स्थापना परिवहन की सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए बाध्य नहीं है।

8. अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण की अवधि केवल एक वर्ष की होगी। टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में प्रशिक्षण के उपरान्त अभ्यर्थियों का इस प्रशिक्षण को आधार मानकर टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड में किसी प्रकार के रोजगार की दावेदारी का कोई अधिकार नहीं होगा।
**(नोटः टीएचडीसी इंडिया लि. में अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण पूर्ण होने के पश्चात किसी भी प्रकार का रोजगार नहीं दिया जायेगा)**

9. अप्रेंटिस एक्ट के अन्तर्गत अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण हेतु चयनित हुए अभ्यर्थियों को टीएचडीसी इंडिया लिमिटेड की विभिन्न यूनिटों/कार्यालयों (टिहरी, कोटेश्वर, ऋषिकेश, पीपलकोटी व अन्य) में तैनात किया जायेगा।

10. प्रशिक्षण हेतु चयनित अभ्यर्थियों को इसकी सूचना हमारी वेबसाईट www.thdc.co.in के माध्यम से दी जाएगी तथा चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों के सत्यापन/ज्वाइनिंग संबंधी पत्र, डाक के माध्यम से उनके द्वारा दिए गए पत्राचार के पते पर भेजा जाएगा।

11. अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण से संबंधित कोई भी शुद्धि/परिवर्तन/अपडेट केवल हमारी वेबसाइट www.thdc.co.in पर उपलब्ध होगा। अलग से कोई सूचना किसी भी माध्यम से नहीं दी जायेगी।

12. किसी भी उम्मीदवार द्वारा या उसकी ओर से प्रशिक्षु के चयन की प्रकिया को प्रभावित करने के इरादे से किया गया कोई भी प्रचार (सिफारिश या बाहरी दबाव), उसकी उम्मीदवारी को तत्काल निरस्त कर देगा।

<u>महत्वपूर्ण तिथि</u> :

**(क)** आवेदन पत्र जमा करने हेतु अंतिम तिथि : 15.03.2024

15/2/2024
अपर महाप्रबन्धक (मा.सं.–स्था.)
टीएचडीसी इंडिया लि., ऋषिकेश

# THDC INDIA LIMITED

(A Joint Venture Of Govt. Of India & Govt. of U.P)
(A MINI RATNA COMPANY)
Bhagirathi Bhawan, Pragatipuram, Bypass Road, Rishikesh-249201

Affix recent Passport Size Photograph

**Application Form For Graduate Engg./ Technician (Diploma Engg.) Apprenticeship Training**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **Name of the Candidate (As per High school Certificate)** | |
| 2 | **Apprentice Category** (Graduate Apprentice/ Technician Apprentice (Diploma) | |
| 3 | **Branch** (As per Advertisement) | |
| 4 | Registration/ Enrollment No. as Indicated in Web Portal – **www.nats.education.gov.in** | |
| 5 | Aadhar No. of Candidate | |
| 6 | Father's Name | |
| 7 | Date of Birth | |
| 8 | Age as on closing date (15.03.2024) | |
| 9 | Gender (Male/ Female) | |
| 10 | Marital Status | |
| 11 | **Category** (Gen/SC/ST/OBC/EWS) | |
| 12 | Are you physically handicapped (Yes/No /?) | |
| | If Yes please mention the details as Follows : | Type of handicapped : ( VH / HH / OH ) |
| | Extent of disability as specified in the disability certificate : | |
| 13 | State of Domicile | |
| 14 | Contact No. | |
| 15 | Email Id. | |
| 16 | Postal Address/ Pin Code | |

| | | |
|---|---|---|
| 17 | Permanent Address/Pin Code | |
| 18 | Currently are you taking any apprenticeship training or have you undergone apprenticeship training earlier? Yes/No | |
| 19 | Have you any work experience one year or more than ? Yes/No | |

20. **Educational Qualification :**

| **Sl. No** | **Exam Passed** | **Board/Institute/ University** | **Discipline/ Subjects** | **Duration of Study** | **Month & Year of Passing** | **Maximum Marks** | **Marks Secured** | **Percentage of Marks #** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | HSC/10th | | | | | | | |
| 2. | 12th | | | | | | | |
| 3. | DIPLOMA | | | | | | | |
| 4. | BE/B.Tech | | | | | | | |

- If is any Cumulative Grade Average (CGPA/ Please convert it to % of Marks) and enclose conversion certificate.

**Declaration :**

I affirm that the information given in this application is true and correct to the best of my knowledge and belief. I further undertake that if at any stage it is discovered that an attempt has been made by me, will fully to conceal or misrepresent the facts, my candidature/ appointment shall be summarily rejected or terminated without any notice.

**Date:** **Signature of the Candidate**

**Enclosure :**

1.
2.
3.
4.
5.

## FORM OF CERTIFICATE TO BE PRODUCED BY OTHER BACKWARD CLASSES APPLYING FOR APPOINTMENT TO POSTS UNDER THE GOVERNMENT OF INDIA

This is to certify that Shri/Smt./Kumari ______________________ son/daughter of ______________________ of village/town ______________________ in District/Division ______________________ in the State/Union Territory ______________________ belongs to the ______________________ community which is recognised as a backward class under the Government of India, Ministry of Social Justice and Empowerment's Resolution No. ______________________ dated ____________*. Shri/Smt./Kumari ______________________ and/or his/her family ordinarily reside(s) in the ______________________ District/Division of the ______________________ State/Union Territory. This is also to certify that he/she does not belong to the persons/sections (Creamy Layer) mentioned in Column 3 of the Schedule to the Government of India, Department of Personnel & Training O.M. No. 36012/22/93 – Estt.(SCT) dated 8.9.1993**.

District Magistrate
Deputy Commissioner etc.

Dated:

Seal

---

*- The authority issuing the certificate may have to mention the details of Resolution of Government of India, in which the caste of the candidate is mentioned as OBC.

**-. As amended from time to time.

Note:- The term "Ordinarily" used here will have the same meaning as in Section 20 of the Representation of the People Act, 1950.

*OBC Undertaking*

**Declaration/undertaking - for OBC Candidates only**

I, ______________________________ son/daughter of Shri ______________________________ resident of village/town/city ______________________________ district ______________________________ State hereby declare that I belong to the ______________________ community which is recognized as a backward class by the Government of India for the purpose of reservation in services as per orders contained in Department of Personnel and Training Office Memorandum No.36012/22/93- Estt. (SCT), dated 8/9/1993. It is also declared that I do not belong to persons/sections (Creamy Layer) mentioned in Column 3 of the Schedule to the above referred Office Memorandum, dated 8/9/1993, which is modified vide Department of Personnel and Training Office Memorandum No.36033/3/2004 Estt.(Res.) dated 9/3/2004. I also declare that the condition of status/annual income for creamy layer of my parents/guardian is within prescribed limits as on financial year ending on March 31, 2016.

Signature of the Candidate

Place:

________________________

Date:

________________________

**Declaration/undertaking not signed by Candidate will be rejected**